<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 28.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन, नम आंखों से दी गयी अंतिम विदायी।
- नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में खूंटी जिले के आकांक्षी कर्रा प्रखंड को ईस्टर्न जोन में पहला स्थान, पुरस्कार में मिले डेढ़ करोड़ रुपये।
- एनआईए ने गिरिडीह में प्रतिबंधित माओवादी उग्रवादी गुट से जुडे कई ठिकानों की छापेमारी की, कई मोबाइल और सिमकार्ड जब्त।
- देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में एक जनवरी को श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए शीघ्र दर्शनम कूपन का शुल्क तीन सौ से बढ़ाकर छह सौ रुपये किया गया।
- राज्य में आज से दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा समेत 18 जिलों में बारिश का जताया पूर्वानुमान, 12 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट।

*******************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई नेता शामिल हुए।

*******************

नीति आयोग के जरिये आयोजित केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक में खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड ने शानदार प्रदर्शन करने के साथ ही ईस्टर्न जोन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर कर्रा प्रखंड को डेढ़ करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं सामाजिक विकास जैसे छह प्रमुख प्रक्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। कर्रा प्रखंड ने सभी छह प्रक्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कर्रा प्रखंड की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है।

*******************

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने नक्सल गतिविधियों से जुड़े मामले में गिरिडीह जिले में कई जगहों पर छापेमारी की है। इस दौरान जिले के पीरटांड़ इलाके में कई लोगों से पूछताछ भी की गयी। छापेमारी के दौरान कई मोबाइल और सिमकार्ड जब्त किये गये हैं। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भी दिया गया है। दरअसल, गिरिडीह जिले के पारसनाथ क्षेत्र में माओवादियों को रसद और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं की आपूर्ति किये जाने का खुलासा हुआ है। एनआईए इसी मामले की जांच कर रही है।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जनवरी के पहले सप्ताह में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। ओडिसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद जमशेदपुर पहुंचे श्री दास ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदस्यता ग्रहण करने के बाद पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेवारी देगी, उसे ईमानदारीपूर्वक निभायेंगे।

*******************

देश में 2023–24 में अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन हुआ है। वर्ष 2023–24 में कोयला उत्पादन वर्ष 2022–23 में 893 दशमलव एक–नौ–एक मिलियन टन की तुलना में 997 दशमलव आठ–दो–छह मिलियन टन हुआ, जो कि लगभग 11 दशमलव सात–एक प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि देश ने इस महीने की 15 तारीख तक लगभग 963 दशमलव एक–एक मीट्रिक टन कोयले की आपूर्ति की है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

*******************

एक जनवरी को देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में शीघ्र दर्शनम कूपन का शुल्क छह सौ रुपये होगा। आम दिनों में यह शुल्क तीन सौ रुपये होता है। अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि संबंधित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को संभावित श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी चिन्हित प्वाइंट और रूटलाईन में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया है।

*******************

जामताड़ा जिले में किसानों की उन्नति के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में संयुक्त कृषि भवन में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों को जैविक खाद के प्रयोग, कीट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला कृषि पर्यवेक्षक समसुद्दीन अंसारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और पर्यावरण अनुकूल खेती करने के विभिन्न तकनीकी आयामों से अवगत कराया जा रहा है।

*******************

गुमला नगर परिषद् क्षेत्र में पिछड़ा वर्गों को आरक्षण देने के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरु कर दिया गया है।

*******************

राज्य में आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा। मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, गढ़वा और चतरा समेत 18 जिलों में आज और कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी हो सकती है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग आज से ओडिशा के राउरकेला में शुरू हो रही है। उद्‌घाटन मैच बिरसा मुंडा स्टेडियम में रात आठ बजे खेला जाएगा।

हॉकी लीग दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण के मुकाबले आज से 18 जनवरी तक होंगे जिसमें सभी टीमों को आपस में एक बार खेलना होगा। दूसरा चऱण 19 जनवरी से शुरू होगा, जिसमें टीमें दो पूल में होंगी। प्रत्येक पूल में टीमें आपस में खेलेंगी। दोनों पूल की दो शीर्ष टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला 31 जनवरी को होगा। फाइनल मैच पहली फरवरी को खेला जायेगा।

***************